हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 आदर्श जीवन स्थापित करने में समाज की होती है मुख्य भूमिका : सुनील साहू



12 रन टू वोट कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता के लिए लगाई दौड़





# मशाल जलाकर शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

आगामी 7 मई को योग्य उम्मीदवार को मतदान देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आम नागरिकों द्वारा सहयोग देने तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सोमवार की संध्या को स्वीप मशाल रैली का शुभारंभ किया। यह रैली सारंगढ़ के मुख्य मार्ग में कलेक्टोरेट से जवाहिर भवन तक लगभग एक किलोमीटर तक आजू बाजू लोगों के भीड़ के मध्य में मतदाता जागरूकता करते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर का नारा लगाते हुए निकली। इस कार्यक्रम में एआरओ डॉ. स्निग्धा तिवारी, स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, सीएमओ राजेश पांडेय, सीईओ सारंगढ़ संजू पटेल, सीईओ बरमकेला प्रज्ञा यादव, सीईओ बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, बिहान के अधिकारी संदीप तंबोली, मनरेगा अधिकारी युवराज पटेल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, बिहान समूह की महिलाए, भरत अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। स्वीप मशाल रैली में परदेश नहीं जाव जी, वोट देबर आव जी का भी नारा लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मतदान करने के लिए संकल्प लिया गया।

■ सारंगढ़ के मुख्य मार्ग में किया गया मतदाता मशाल रैली का आयोजन

## घर-घर जाकर बुजुर्गों से मतदान का सिलसिला शुरू

**कसडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से होम वोटिंग की नई पहल की गई है। लोकतंत्र के पर्व में सोमवार से दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया। दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। मतदान दल के घर में पहुंचते ही घरवाले और मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान के मार्गदर्शन में जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हांकित 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगजन होम वोटिंग कर रहे है। विदित हो कि विकासखंड कसडोल के ग्राम सर्वा के विशेश्वर प्रसाद मिश्रा 76 वर्ष दिव्यांग मतदाता के घर में जाकर मतदान करवाया एवं स्मृति चिन्ह जनपद पंचायत कसडोल के सीईओ हिमांशु वर्मा एवं तहसीलदार कसडोल विवेक पटेल द्वारा प्रदाय किया गया।



## खबर संक्षेप

### खड़गे की सभा में शामिल होंगे अंचल के कार्यकर्ता

**लवन।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे का आगमन जांजगीर में 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे होगा। चुनावी सभा का संबोधित करने जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया के चुनाव प्रचार में चुनावी सभा संबोधित करने पहुंच रहे हैं, जहां लवन क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता सभा को सुनने जांजगीर जाएंगे। लवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने बताया कि लवन ब्लॉक से जोन सेक्टर के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

### अज्ञात कारणों से शख्स ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 28 अप्रैल को शाम करीब 7:30 बजे सीताराम चौहान पिता स्व. जगत राम चौहान (50) निवासी वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर सरायपाली ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### धारदार हथियार लहरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोनी के बाजार वार्ड में एक 19 साल के युवक को धारदार हथियार लहराकर कर लोगों को डराते-धमकाते पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि सुभाष उर्फ सोनू ध्रुव पिता बिहारी ध्रुव (19) ग्राम बिरकोनी निवासी बाजार चौक के पास लोहे का तलवार को लेकर लहराते हुए लोगों को डराते धमकाते मिला, जिस पर पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ज्यादा खर्च करने के नाम पर पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ज्यादा खर्च करने की बात को लेकर महिला से उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया मेश्राम पति देवेंद्र (31) निवासी बीटीआई रोड ने पुलिस को बताया कि उसके पति व आरोपी देवेंद्र बाम्बड़े पिता माधव राव (31) ने ज्यादा खर्च करती हो कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट करने की घटना हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी विक्की राजपूत पिता सुभाष राजपूत ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम हरनादादर थाना बागबाहरा का रहने वाला हूं। 28 अप्रैल की देर शाम 7.58 बजे बागबाहरा के सोनू देवांगन ने मुझे फोन कर जैन मंदिर मैदान में बुलाया। जहां मैं अपने भाई दीपक राजपूत, दोस्त सौरभ बंजारे एवं वेद चंद्रकर के साथ पहुंचा। जहां आरोपी सोनू देवांगन अपने साथी अर्जुन गोस्वामी, राजा सेन, शिवा वगैरह के साथ मौजूद था।

## चुनाव : भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कैसे पूर्ण होगा स्वस्थ मतदान का लक्ष्य

# मतदाता सूची सर्वे में प्रशासन फेल अधिकांश मतदाता सूची त्रुटि पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विगत वर्ष-2023 में प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ। इसी तारतम्य में भाटापारा विधानसभा क्रमांक 46 में लगभग 75 प्रतिशत मतदान के साथ आम जनता ने अपने मत का प्रयोग किया। 282 बुथों वाली भाटापारा विधानसभा चुनाव में मुख्य रूप से सिमगा, भाटापारा, निपानिया, करही बाजार व सम्पूर्ण भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र सम्मिलित हैं।

**60 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथ है विद्यमानः** जहां तक विधानसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत का सवाल है, तो स्थानीय प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव में इस प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है, लेकिन यदि धरातल पर इस विषय पर ध्यान आकर्षण किया जाए, तो यह लक्ष्य लगभग असंभव सा प्रतीत होता है। भाटापारा शहर की बात की जाए तो लगभग 51 बूथों वाले भाटापारा शहर में ऐसे ढेर सारे बूथ हैं, जहां औसतन 60 प्रतिशत से भी कम मतदान का प्रतिशत रहा है, जो की प्रशासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।



### चुनाव आयोग का इस ओर ध्यान देना आवश्यक

पहले मतदान फिर जलपान के लक्ष्य के साथ विकलांग से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लक्ष्य के साथ चुनाव आयोग सतत निरीक्षण करता रहता है। मतदान केंद्रों में व्यापक व्यवस्था से लेकर राजनीतिक दलों के प्रचार तंत्र, प्रत्याशी के खर्च, मतदान कर्मचारी दलों की कार्यप्रणाली पर पहले नजर होती है, लेकिन किसी चुनाव प्रणाली में सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था मतदाता सूची की पारदर्शिता होती है। उचित प्रयास के अभाव में कई मतदान केंद्रों में 60 प्रतिशत से भी कम मतदान हो पाता है। आगामी चुनाव की दृष्टिकोण से चुनाव आयोग यदि मतदाता सूची परविशेष ध्यान दे तो मतदान प्रतिशत के अधिकतम लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

### मतदाता सूची के सघन सर्वे में प्रशासन दिख रहा नाकाम

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी तो युद्ध स्तर पर दिखाई दे रही है, लेकिन यदि शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की ओर देखा जाए तो मतदाता सूची के वास्तविक सर्वे के अभाव में इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। प्रश्न यह उठता है कि क्या कारण है कि भाटापारा शहर के विभिन्न वार्डों के बूथ में केवल 50 से 60 प्रतिशत के बीच मतदान हुआ? अधिक मतदान ना हो पाने के क्या कारण रहे। मतदाता सूची में नाम होने के बाद भी मतदान न करने वाले मतदाता कितने प्रतिशत रहे? शहर छोड़कर बाहर निवासरत कितने मतदाता है? ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से अब तक क्यों नहीं काटा गया? बड़ी संख्या में ऐसे भी मतदाता मौजूद है, जिनका नाम एक से अधिक मतदाता सूची में विद्यमान है, तो ऐसी मतदाता संख्या को प्रशासन द्वारा सर्वे के माध्यम से क्यों नहीं काटा गया। यह सारे प्रश्न प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली की ओर इंगित करता है।

## राहगीरों से मारपीट करने वाले 8 युवक जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आदर्श आचार संहिता में शांति व्यवस्था बनाए रखना जिले में घटित अपराधों की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा बलवा करने वाले 8 आरोपियों को जेल भेजा है।

27 अप्रैल को प्रार्थी गजेंद्र देवांगन पिता राम नारायण देवांगन 23 वर्ष निवासी सिवनी चांपा जिला जांजगीर–चांपा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अप्रैल को प्रार्थी अपने साथी के साथ बिलाईगढ़ शादी बाराती में आए थे। रात में खाना खाकर 12.30 बजे स्कॉर्पियो से दोस्तों के साथ वापस जा रहे थे। तभी बिलाईगढ़ संगम चौक के पास विजय कुमार राकेश, दीपेश जायसवाल, मुकेश जायसवाल दिनेश लहरे एवं 8–10 अन्य लोगों ने गाड़ी रोककर गालियां देते हुए पत्थर डंडा बेल्ट से हत्या करने की नीयत से प्राण घातक हमला कर दिए, जिससे प्रार्थी एवं उसके साथी के सिर पर गंभीर चोट आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा-341, 147, 148, 149, 294, 506, 307, पचब कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी विजय कुमार राकेश पिता कीर्तन लाल 27 वर्ष, दीपेश जायसवाल पिता मथुरा जायसवाल 26 वर्ष, मुकेश जायसवाल पिता जायसवाल 30 वर्ष, दिनेश लहरे पिता प्रमोद लहरे 8 वर्ष, गोविंद राकेश पिता तेरस राम राकेश 26 वर्ष अजय देवगन पिता श्याम शंकर 19 वर्ष, भागवत कुमार साहू पिता रविशंकर साहू 26 वर्ष, मधुसूदन दुबे वीजा शिवमंगल 19 वर्ष साकिनन बिलाईगढ़ थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

■ आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर थाना पुलिस ने की कार्रवाई

## स्वर्णिम भारत निर्माण के लिए कांग्रेस की सरकार बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के समर्थन में आयोजित ग्रामीण क्षेत्र में धुआंधार बैठकों से ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है। अब ग्रामीण कार्यकर्ता चुनाव मैदान में खुलकर सामने आ गये हैं। सुशील शर्मा आज ग्राम खोखली, गाड़ाडीह, बोड़तरा, मजगांव, टिकुलियां, पेंड्री गांव का सघन दौरा कर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की विफलताओं से अवगत कराकर जनता जनार्दन से अपील की कि भारत को आज़ाद कराने कांग्रेस पार्टी ने अहम भूमिका निभाई थी। पार्टी के नेता बलिदान भी देने से पीछे नहीं हटे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## लापता बच्चे की मिली लाश : नहर में डूबने से मौत की आशंका

हरिभूमि न्युजू ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के लवन शाखा नहर में बहती हुई एक बच्चे की लाश मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी है, जो बच्चे के मौत का कारण खोजने में जुटी है। ग्रामीण नहर में डूबने से मौत होने की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 14 साल के रूपेश कुमार पिता दिलीप कनोजे के रूप में हुई हैं। बताया गया है कि, महामाया चौक वार्ड 4 पलारी निवासी मृतक कक्षा 8वीं का छात्र था। वह रविवार शाम करीब 4 बजे से घर से गायब हो गया था। परिजनों ने गुम होने की सूचना पलारी थाने में दी थी। वहीं सोशल मीडिया में गुम होने की सूचना उसकी तस्वीर के साथ लगातार चलती रही।



### घटना स्थल के पास नहाते हैं बच्चे

इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की तो लवन शाखा मुख्य नहर में पुलिया से 200 मीटर दूर पलारी टीन कपाट शनि मंदिर के पास बच्चे की लाश मिली। जिस जगह बच्चे की लाश मिली, उस स्थान पर हमेशा लोगों का आना -जाना लगा रहता है। ठीक उसके 200 मीटर ऊपर पुलिया है, जहां पर बच्चे नहर में अधिक पानी होने पर अक्सर छलांग लगा कर कूद कर नहाते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बंदियों को दी विधिक सहयोग की जानकारी

# जिला न्यायाधीश ने सारंगढ़ उपजेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा ने कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़–बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के साथ उप जेल सारंगढ़ का भ्रमण किया। जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय–समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाये जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं है उनकी ओर से पैनल अधिवक्ता मामले में पैरवी करेंगे तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेंगे। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में है, उन्हें जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई। इस शिविर में कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़–बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ तथा उप जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री साय की सभा कल

**सुहेला।** मुख्यमंत्री का आगमन सुहेला में हो रहा है, जिसकी तैयारी के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आवश्यक बैठक रखी गई थी। जानकारी के अनुसर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की आमसभा 1 मई को सुबह 11 बजे 21 दुर्गोत्सव मैदान में होगी। मुख्यमंत्री रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित रहेंगे।



पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं हमारे छात्र, इसलिए 10वीं-12वीं में एनसीसी बोनस शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह जारी करने की तैयारी में है। माशिम ने मूल्यांकन सहित सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली है। विभिन्न विभागों से उन छात्रों की सूची भी मंगा ली गई है, जिन्हें बोनस अंक प्रदान किए जाने हैं। माशिम राष्ट्रीय स्तर के खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी छात्रों के साथ-साथ स्काउट-गाइड, विद्या भारती, एनसीसी, एनएसएस जैसे कई वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान करता है। विभिन्न विधाओं के अंतर्गत जिन छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं, उनकी सूची माशिम ने जारी कर दी है। इनमें से एनसीसी और एनएसएस कैटेगरी में एक भी छात्र को बोनस अंक प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले समारोहों में छग का कोई छात्र शामिल नहीं हुआ है। इसके कारण उन्हें बोनस अंकों के लिए पात्र नहीं पाया गया। एनसीसी में शामिल ऐसे छात्र, जो राष्ट्रीय स्तर पर कोइ उपलब्धि प्राप्त करते हैं, उन्हें ही बोनस अंक प्रदान किया जाता है।

## दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह हो सकते हैं जारी

- खेल, स्काउड-गाइड सहित कई विधाओं में छात्रों को दिए जाने हैं बोनस अंक
- राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले समारोहों में छग का कोई छात्र शामिल नहीं हुआ है




### एनएसएस में नियम

गणतंत्र दिवस परेड में एनएसएस छात्र हिस्सा नहीं लेते हैं। परेड और परीक्षा की तारीखें आस-पास ही होती हैं, इसलिए एनएसएस छात्रों के लिए केंद्र ने ही यह नियम बनाया है। बोनस अंक राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को ही देते हैं। माशिम ने हमसे जानकारी मांगी थी, हमने भेज दी है।

-**डॉ.नीता बाजपेयी,** राज्य एनएसएस प्रभारी

### एनसीसी में लंबी है प्रक्रिया एनएसएस में प्रावधान नहीं

26 जनवरी के दिन दिल्ली में होने वाले परेड में छात्रों को शामिल होने का मौका दिया जाता है। इसमें जो छात्र हिस्सा लेते हैं, उन्हें ही परीक्षाओं में बोनस अंक का प्रावधान है। इसमें चयन के लिए लंबी प्रक्रिया होती है। स्कूलों में फरवरी माह में ही प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाती हैं। ऐसे में अधिकतर स्कूल छात्रों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हैं। राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में तो छात्र हिस्सा लेते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन प्रक्रिया लंबी होने के कारण वे दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। यही वजह है कि एनसीसी छात्र की भागीदारी कम रहती है। इसके अलावा एनएसएस छात्र नियमों के कारण हिस्सा नहीं ले रहे हैं। गौरतलब है कि माशिम इस बार दसवीं व बारहवीं कक्षा में 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक प्रदान कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों संग मंदिर भ्रमण

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को महादेवघाट मंदिर के दर्शन कराए गए। मंदिर दर्शन के बाद सबने नौका विहार का आनंद लिया। मंदिर परिसर में सबने एक साथ बैठकर स्वल्पाहार ग्रहण किया। इसके बाद सभी बुजुर्गों को सांई मंदिर के दर्शन भी कराए गए। वामा की संपादिका दीया मूलचंदानी ने बताया कि मंदिर भ्रमण कार्यक्रम चितवन परिवार के सभी सदस्यों को बहुत ही अच्छा लगा। भ्रमण के दौरान सभी बुजुर्ग प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए। इस दौरान वामा परिवार की फाउंडर लीना वाढेर, कन्वेनर रूपाली दुबे, सेक्रेटरी कल्पना गुप्ता सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### चुगली करने का आरोप महिला की पिटाई

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला तथा पुरुष के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक जरवाय निवासी साहेला फरहीन ने वाहिदा परवीन तथा समीर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साहेला ने पुलिस को बताया कि वाहिदा तथा समीर ने उस पर चुगली करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### मतदान दलों को लंच पैकेट के साथ नीबू पानी पहुंचाएंगे निगम कर्मचारी

**रायपुर।** नगर निगम का अमला शहर के 750 बूथों में मतदान दलों को भोजन के पैकेट पहुंचाएगा। इसके साथ ही लू से बचाव के लिए नीबू पानी पिलाने की योजना बनाई गई है। अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर क्षेत्र के 750 बूथों पर मतदान दलों को भोजन पैकेट और नीबू पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 5 या 5 से अधिक मतदान केंद्र वाली जगहों पर अलग-अलग लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं 5 से कम मतदान केंद्रों वाली जगह के आसपास 5 मतदान केंद्र वाले अधिकारियों को वहां का जिम्मा दिया जाएगा। 6 और 7 मई को मतदान दलों को भोजन के पैकेट भी नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रोजेक्ट, 3 साल पहले बना था प्लान

# मालवीय रोड बिजली तार से मुक्त, 6 जगहों पर अंडरग्राउंड केबलिंग अधूरी, जून तक मियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

शहर के प्रमुख 7 मार्गों की सड़क को स्मार्ट रोड बनाने और बिजली तारों के झुरमुट को खत्म कर अंडरग्राउंड केबलिंग करने का प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया है।। 7 मार्ग में से केवल मालवीय रोड मार्ग ही बिजली के तारों के मकड़जाल से मुक्त हो पाया। स्मार्ट सिटी ने यहां अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य पूरा कर लिया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 600 मीटर लंबे मार्ग से 11 केवी एचटी लाइन की अंडरग्राउंड केबलिंग की गई है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक से फाफाडीह, कोतवाली से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक, महिला थाना से बिजली आफिस चौक और बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से लाखेनगर तथा लाखेनगर से आमापारा चौक की सड़क में हाउस होल्ड कनेक्शन देने एवं बिजली पोल को सड़क से हटाने का काम पूरा नहीं हो पाया है।

राजधानी के 7 स्थानों की सड़कों पर अंडरग्राउंड केबलिंग कर बिजली तारों के गुच्छों से शहरवासियों को छुटकारा दिलाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 साल पहले टाटा कंसल्टेंसी से सर्वे कराकर बिजली तार और केबल को भूमिगत करने प्लान तैयार किया। सूत्रों के मुताबिक 3 साल पहले इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होना था, पर शुरुआत के 2 साल तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और बिजली कंपनी के बीच तकनीकी विवाद चलता रहा। पहले रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस काम के लिए बिजली कंपनी को अधिकृत करते हुए पूरा प्रोजेक्ट उनके हवाले कर दिया। स्मार्ट सिटी ने इसके लिए 37 करोड़ दिए। काफी दिनों तक बिजली कंपनी इस कार्य का टेंडर जारी नहीं कर पाई। बाद में रायपुर स्मार्ट सिटी ने संबंधित रकम वापस लेते हुए खुद ही 7 सड़कों के अंडरग्राउंड केबल प्रोजेक्ट का टेंडर किया और इस काम के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई।

## बूढ़ेश्वर चौक से लाखेनगर चौक तक हाउस होल्ड कनेक्शन, पोल हटाने का काम बाकी

- 37 करोड़ का प्रोजेक्ट
- मालवीय रोड के 600 मीटर लंबे मार्ग से 11 केवी एचटी लाइन की अंडरग्राउंड केबलिंग की गई



### 4 चरण में चल रहा काम

रायपुर स्मार्ट सिटी 7 प्रमुख सड़कों को स्मार्ट रोड बनाने 4 चरण में काम किया जा रहा है। इसमें से सभी चयनित सड़कों पर अनुबंधित एजेंसी ने डक्ट बनाने का काम पूरा कर लिया गया है और केबल को भूमिगत किया गया है। कुछ तकनीकी काम अभी भी बाकी है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, सप्लाई लाइन चेंज करने और स्ट्रीट पोल को सड़क से हटाकर बिजली तार को भूमिगत करने का काम बाकी है। आमापारा से लाखेनगर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट अस्थायी रूप से चालू की गई है। जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक पर फाउंडेशन वर्क पर काम चल रहा है। बिजली विभाग अब सदरबाजार, गोलबाजार, बैजनाथ पारा में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू करेगी। इसी तरह बूढ़ापारा से लाखेनगर चौक तक फाउंडेशन का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। जबकि अंडरग्राउंड केबलिंग का काम इन दिनों चल रहा है।

### जून से पहले काम पूरा करने मियाद

7 प्रमुख मार्गों पर चल रहे अंडरग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट के बकाया काम को जून माह से पहले पूरा करने अनुबंधित ठेकेदार को मोहलत दी है। विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग तेज करने निर्देशित किया है।

- **अबिनाश मिश्रा,** एमडी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# नालों की सफाई में जुटा नगर निगम का अमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में बारिश पूर्व नालों की सफाई में नगर निगम का अमला जुट गया है। इसके लिए प्रत्येक जोन में 25 सफाई कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोनवार नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है। इसके लिए पोकलेन मशीन भी मदद ली जा रही है। बारिश के दिनों में शहर के नाले-नालियों को जाम होने बचाने नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सभी 10 जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ही जोन कमिश्नरों को भी जिम्मेदारी दी गई है। देवेंद्र नगर नाले में सफाई के लिए पोकलेन उतारी गई। इसी तरह नारायणा हास्पिटल के पीछे स्थित बड़े नाले की भी सफाई की जा रही है। जोन-3 क्षेत्र की जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इधर रामनगर नाले की सफाई भी लगातार जारी है। जोन के चिंगरीनाला की सफाई की जा रही है। शहरभर में छोटे और बड़े मिलाकर करीब 50 नाले अलग-अलग क्षेत्र में स्थित हैं। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने बताया कि नालों में कचरे के कारण जलभराव की स्थिति आ जाती है, इससे निपटने लगातार सफाई के उन्होंने निर्देश दिए हैं।

- पोकलेन मशीन की ले रहे मदद

# ट्रेन में सीट कब्जाने की शिकायतें तेज, हर दिन विवाद, अब आरपीएफ लेगी एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गर्मी के साथ ही ट्रेनों में भीड़ भी लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके कारण अब हर दिन ट्रेन में सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। डीआरएम और रेलवे बोर्ड को यात्री ट्वीट कर अपनी परेशानी बता रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे बोर्ड से डीआईजी समन्वय एसएस सुनील ने सभी मुख्य सुरक्षा आयुक्त को ये आदेश दिया है कि ट्रेनों के रिजर्व सीट पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के लिए चेकिंग स्टाफ की तुरंत मदद रेलवे सुरक्षा बल करेगा। बीते दिनों एक महिला द्वारा सीट कब्जा करने का वीडियो देशभर में वायरल हुआ है। ऐसी शिकायत रेलवे को सभी जोन से मिल रही थी। भीड़ के वजह से यात्री रात में अपनी सीट पर ठीक से सो नहीं पा रहे थे। दिन में भी वेटिंग यात्री रिजर्व सीट पर बैठने जाते हैं। रेलवे की इस पहल से यात्रियों को राहत मिलेगी।

- ट्रेनों की रिजर्व सीट पर कब्जा करने वालों पर रेलवे सुरक्षा बल चेकिंग स्टाफ की करेगा मदद

### कार्रवाई के लिए करनी होगी मदद

रेलवे अधिनियम के मौजूद नियमों के अनुसार टिकट चेकिंग व अतिरिक्त शुल्क लगाने की जिम्मेदारी टिकट चेकिंग स्टाफ की है। आरपीएफ को नियमों के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का तुरंत निर्वहन करना है। जब भी वाणिज्यिक विभाग व टिकट चेकिंग स्टाफ सीटों पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल की मदद मांग करेगा तो तुरंत उन्हें मदद करनी है। राजकीय रेल पुलिस से भी ऐसी ही उम्मीद है। बेहतर समन्वय से ही अच्छी व्यवस्था दी जा सकती है।

### अनाधिकृत व्यक्तियों को बताया खतरा

मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने आदेश में कहा है कि अनाधिकृत व्यक्तियों का ट्रेनों में यात्रा करना हमारे यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे की व्यवस्था के लिए खतरा है। यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। ऐसे में वाणिज्यिक विभाग व आरपीएफ के बीच मजबूत समन्वय का होना बेहद जरूरी है।


# नई बसाहट में हजार स्ट्रीट लाइट और खंबे की डिमांड, मिले सिर्फ 250, छाया अंधेरा

- बिरगांव निगम को 40 वार्डों के लिए तीन सौ लाइट्स भी नहीं मिली, इसलिए ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव नगर निगम के वार्डों में जरूरी सुविधाओं का अभी भी अभाव है। निगम का दर्जा मिलने के 9 साल बाद भी जिम्मेदार नई बसाहट के बीच स्ट्रीट लाइट की सुविधा देने में नाकाम हैं। इससे रावांभाठा और उरकुरा वार्ड के मुख्य मार्गों व सपोर्टिंग सड़कों से रात में ड्यूटी से आने-जाने वाले लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे हालात इस कारण बन रहे हैं, क्योंकि करीब तीन सौ लाइटें नहीं मिली हैं। वहीं एक हजार खंबे की जरूरत होने के बावजूद सिर्फ 250 खंबे के लिए सिर्फ मंजूरी मिल पाई है।

राजधानी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नई-नई योजनाओं पर काम चल रहा है। वहीं इससे सटे बिरगांव निगम के मुख्य मार्गों की खराब लाइटों को भी जिम्मेदार रिपेयर कराने में नाकाम हैं। करीब चार महीने से लाइट विहीन 139 स्पॉट पर लगे खंबों में अभी तक लाइटें नहीं लग पाई हैं। इस तरह की स्थिति ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा जाने वाले मार्ग पर है। यहां सड़क निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन लाइटों का अभाव होने से रात में उपद्रवी तत्व राहगीरों से लूटपाट करते हैं। ट्रांसपोर्ट कर्मी मनीष पांडेय और प्रकाश पटेल ने बताया कि आए दिन ट्रक चालक व ड्यूटी से आने-जाने वाले लोग नशेड़ियों के शिकार बनते हैं। बंजारी नगर से सामुदायिक अस्पताल के बीच स्ट्रीट लाइटों के लिए अभी खंबे नहीं लगे हैं। इससे सड़क किनारे रात में नशेड़ियों का जमघट भी लगता है, चूंकि इस रास्ते पर ही शराब दुकान है।





### एजेंसी को दिए निर्देश

खराब लाइट सुधारने शासन द्वारा तय एजेंसी को निर्देश दिए हैं। अभी 250 स्ट्रीट लाइट पोल के लिए मंजूरी मिली है, इसके लिए बिजली कंपनी से चर्चा की जाएगी। सुविधा देने बिजली पोल के लिए दोबारा प्रस्ताव भेजा जाएगा।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, ननि बिरगांव

### सिर्फ 9 हजार स्ट्रीट लाइट पोल

सूत्रों ने बताया कि 40 वार्डों में अभी तक निगम के बिजली विभाग ने करीब 9 हजार स्ट्रीट लाइट पोल लगाए हैं। इनमें 139 स्पाट पर लगे खंबों में लाइट ही नहीं लगाई गई है। इसके लिए जिम्मेदारों ने केंद्रीय एजेंसी से कई बार मांग की, लेकिन आपूर्ति नहीं की गई है। साथ ही 160 से ज्यादा खराब लाइटें अभी तक रिपेयर करके नहीं मिली हैं। इससे करीब 8700 खंबों पर ही लाइटें हैं। इनमें कार्बन की समस्या के चलते सुधार में विलंब होता है, चूंकि निगम के पास संसाधन का भी अभाव है।

### खंबे लगाने में विलंब

मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत रावांभाठा, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र, निमोरा मार्ग समेत उरकुरा में नई बसाहट के बीच सड़क व स्ट्रीट लाइट खंबों का अभाव है। इसे देखते हुए करीब एक हजार नए स्ट्रीट लाइट पोल की जरुरत तीन साल बनी हुई है। पहले इसे शासन को भेजने में विलंब किया गया, 2023 में प्रस्ताव भेजा गया, तो सिर्फ 250 स्ट्रीट लाइट पोल की मंजूरी ही मिली। इसके लिए वर्कआर्डर की प्रक्रिया में विलंब के चलते अभी तक लगाने का प्रोसेस शुरू नहीं हो पाया है।

# बाघ की निगरानी के लिए एनजीओ के साथ वन अफसरों की टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


बाघ की आमद से सिरपुर में सन्नाटा
दिन-रात मुनादी, शिकार देख दहशत

- बाघ की सुरक्षा की खातिर वन अफसर मुख्यालय के संपर्क में


महासमुंद के रास्ते बलौदाबाजार वनमंडल पहुंचे प्रवासी युवा नर बाघ को लेकर वन अफसर अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं कि बाघ राज्य के जंगल में स्थायी रूप से रहे या उसे यहां से जाने दिया जाए। हालांकि बाघ की निगरानी के लिए वन अफसरों की चार से पांच टीमें गठित की गई हैं। साथ ही बाघ की नियमित मॉनिटरिंग के लिए एनजीओ की मदद ली जा रही है। बाघ को लेकर 18 अप्रैल को एक हाईलेवल बैठक भी की जा चुकी है। बैठक में डब्ल्यूआईआई के अलावा एनटीसीए तथा राज्य एवं देश के अलग-अलग राज्यों के एनजीओ बैठक में वर्चुअली शामिल हुए थे।

डेढ़ माह पूर्व महासमुंद वनमंडल के सिरपुर में बाघ आने की पुष्टि होने के बाद वन अफसर बाघ की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही बाघ की मॉनिटरिंग करने बलौदाबाजार वनमंडल के जिस वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघ विचरण कर रहा है। उस इलाके को सेनेटाइज करने के साथ एनजीओ बाघ को शिकारियों से बचाने एनजीओ द्वारा एंटी स्नेयर वाक अभियान चलाकर जंगल में शिकारियों द्वारा शिकार करने गए लगाए गए जाल का पता लगाने तथा क्षेत्र को शिकारियों के जाल से मुक्त करने का काम कर रहे हैं।

## एक दिन सर्वाधिक तापमान 42.8, सबसे कम 24.7 तक उतरा

# बदली-बारिश के बीच अप्रैल में कम रही गर्मी, 12 दिन 40 डिग्री के पार हुआ पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गर्मी के मामले में परेशानी का सबब बनने वाला अप्रैल इस बार लगातार बादल-बारिश की वजह से लोगों को बिना असहज किए बीत गया। महीने में केवल 12 दिन ही लोगों को 40 डिग्री से अधिक तापमान में गर्मी सहनी पड़ी। एक दिन तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंचा और एक दिन रिकार्डतोड़ गिरावट के साथ 24.7 डिग्री भी दर्ज किया गया।

अप्रैल की शुरुआत 40 डिग्री के तापमान के साथ हुई थी, इस दौरान यह माना जा रहा रहा था कि गर्मी काफी हलाकान करेगी। अनुमान के विपरीत लगातार एक्टिव होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के बीच महीना उतार-चढ़ाव में ही गुजर गया। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि मई के शुरुआती दिनों में धूप अपना असर दिखाएगी और तेज गर्मी लोगों को हलाकान करेगी। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो इस महीने रायपुर का तापमान केवल 12 दिन ही 40 डिग्री के पार हुआ, मगर यह 42.8 डिग्री से ऊपर नहीं पहुंच पाया। इसके विपरीत छाने वाले बादल और पांच से सात दिनों तक हुई हल्की से मध्यम वर्षा के प्रभाव 19 दिन राहत के साथ बीतने का अनुमान है। अभी भी विक्षोभ सक्रिय है, जिसकी वजह से तापमान सामान्य से कम रिकार्ड किया जा रहा है।

### अप्रैल में जनवरी का अहसास

महीने के मध्य में विक्षोभ की वजह से तैयार द्रोणिका के प्रभाव से रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों को गर्मी वाले अप्रैल के महीने में जनवरी जैसी ठंड का अहसास होने लगा था। लगातार बारिश के प्रभाव से तापमान काफी नीचे चला गया था और उसका असर दस दिनों तक महसूस किया गया था। इसी दौरान 11 अप्रैल को रायपुर का तापमान 24. 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### ऐसे बीता अप्रैल

1 अप्रैल को 39.2 डिग्री से हुई शुरुआत, 6 अप्रैल को तापमान 41.4 तक पहुंचा। 7 अप्रैल को विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए। बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट की शुरुआत, पारा 29.5 तक लुढ़का। करीब 10 दिनों तक बादल-बारिश के बीच मौसम बदला और ठंड का अहसास होने लगा। 16 अप्रैल से मौसम सुधरा और 19 को सर्वाधिक तापमान 42.8 दर्ज किया गया। 22 अप्रैल को छाए बादल से कम हुई गर्मी, 25 से पुनः बढ़ी और 28 को हल्की बारिश के बाद इसमें फिर गिरावट दर्ज की गई।

### सुबह बारिश, दोपहर में पांच डिग्री पारा कम

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव छाए बादल रविवार को राजधानी में सुबह के वक्त कुछ देर के लिए बरस पड़े। इससे मौसम में ठंडक आ गई और दोपहर का तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम होकर 36.2 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक विक्षोभ का प्रभाव अब खत्म हो चुका है, मगर तापमान के पुनः 40 डिग्री तक पहुंचने में अप्रैल के शेष दिन बीतने की संभावना है।

# एप से 20 किमी तक टिकट बुकिंग का नियम खत्म, अब कहीं से भी खरीद सकेंगे ई-टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रोजाना ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को अब ई-टिकट खरीदने के लिए स्टेशन में 20 किमी. दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेलवे ने अब अनारक्षित ई-टिकट खरीदने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे ने तत्काल प्रभाव से जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। मतलब अब यात्रियों को टिकट बुकिंग करते समय प्लेटफॉर्म से दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे कहीं भी अनारक्षित कोच के लिए टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर पाएंगे। बता दें कि रायपुर में रोजाना 10 हजार से अधिक यात्री यूटीएस एप के जरिए ई-टिकट खरीदते हैं, लेकिन पुराने नियम के अनुसार 20 किलोमीटर की दूरी तक ही एप के जरिए यात्री टिकट बुक कर पाते थे। स्टेशन पहुंचने पर फोन से ई-टिकट खरीदने की सुविधा नहीं मिलती थी। इस वजह से स्टेशन में टिकट खरीदने लंबी लाइन में लगना पड़ता था।

## ई-टिकट खरीदने के नियमों में रेलवे ने किया बदलाव, खत्म हुआ जियो फेसिंग लिमिट

### रोजाना खरीदते हैं 10 हजार ई-टिकट

लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने के लिए रायपुर मंडल में रोजाना 10 हजार से अभी अधिक यात्री ऑनलाइन ई-टिकट खरीदते हैं। नियमों के बदलाव से एप की उपयोगिता बढ़ेगी और साथ ही काउंटर पर भी यात्रियों की भीड़ कम होगी। बता दें कि मंडल में 4 टिकट काउंटर बंद कर दिए गए हैं, अब 3 टिकट काउंटर से ही यात्री अनारक्षित टिकट खरीदते हैं। ऐसी स्थिति जोन के सभी मंडलों में है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग बढ़ने से काउंटर से यात्रियों का दबाव कम होगा।



### जियो फेसिंग लिमिट खत्म

रेलवे बोर्ड ने जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। अनारक्षित कोच से सफर करने वाले यात्री कहीं से भी अनारक्षित टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से बुक कर सकते हैं। जोन के हजारों यात्रियों को इसका लाभ होगा।

*- विकास कश्यप, सीपीआरओ, दपूमरे*

### प्लेटफॉर्म टिकट में भी मिलेगी राहत

यूटीएस ऑन मोबाइल एप से ई-टिकट बुकिंग के लिए आउटर सर्किल दूरी की बाध्यता को समाप्त किए जाने के साथ प्लेटफॉर्म टिकट के लिए 5 किमी सीमा को खत्म कर दिया गया है। लोग स्टेशन की सीमा के 5 किलोमीटर बाहर भी जनरल टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट एप के जरिए बुक कर पाएंगे। ट्रेन टिकट के लिए अब यात्री 20 किमी की सीमा के भीतर टिकट बुकिंग कर सकते हैं। रेलवे ने यह कदम पेपरलेस टिकट को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। इसीलिए एप के फीचर्स में बदलाव किया गया है।

## खबर संक्षेप

### खरोरा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा कल से

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा में 1 से 9 मई तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा प्रवचन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिसमें प्रवचनकर्ता पं. कुलभूषण तिवारी लहुवा वाले अपने मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण कराएंगे। परायणकर्ता पं. योगेंद्र पांडेय हैं। आयोजनकर्ता परिवार गोकुल सोनकुमारी कन्नौजे, राजेश्वरी कन्नौजे, जय, विजय कन्नौजे हैं। 1 मई को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गौकर्ण महात्य, 2 को कथा प्रारंभ, शुकदेव जन्म, परीक्षित जन्म, 3 को कपिल कथा, शिव विवाह, ध्रुव चरित्र, 4 को नरक वर्णन, अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, 5 मई को गजेंद्र मोक्ष, वामन, हरिशचंद्र, राम.कृष्ण जन्म कथा, 6 को भगवान कृष्ण की बाललीला, रूक्मिणी विवाह, 7 को विवाह वर्णन, राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र तथा 8 मई को परीक्षित मोक्ष, भगवान परमधाम, भागवत चढ़ौत्री, गीता, तुलसी वर्षा, हवन, पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण किया जाएगा। यह आयोजन स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में किया गया है।

### तीन दिवसीय अखंड सतग्रंथ समारोह में सतनाम मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अखंड तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 29 अप्रैल को समापन के दिन सतग्रंथ समारोह में जय सतनाम मानस मंडली रायपुर, जय सतनाम मानस मंडली खरोरा ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें गुरु घासीदास की महिमा का बखान करते हुए समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। गुरु घासीदास बाबा ने छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ की स्थापना की। गुरु घासीदास के मुख्य रचनाओं में उनके सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इसलिए सतनाम पंथ का संस्थापक भी गुरु घासीदास को ही माना जाता है। बाबा ने तपस्या से अर्जित शक्ति द्वारा कई चमत्कारिक कार्यों कर दिखाएं। बाबा गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को प्रेम और मानवता का संदेश दिया। संत गुरु घासीदास की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष चोवा राम पटेल, बलदाऊ पुरैना, रवि सूर्यवंशी, देवेश कोसरे, आशराम टंडन, बिजेश आदि का सहयोग रहा।

**जयंती :** साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती, हुआ वार्षिक अधिवेशन

# आदर्श जीवन स्थापित करने में समाज की होती है मुख्य भूमिका : सुनील साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी अंतर्गत दतान परिक्षेत्र के तत्वावधान में इस वर्ष भी संत कर्मा माता जयंती ग्राम ससहा में मनाई गई। जिला साहू संघ बलौदाबाजार सुनील साहू मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। प्रमुख अतिथि भारती मोनू साहू सदस्य जिला पंचायत बलौदाबाजार कार्यक्रम की अध्यक्षता, रोहित साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पलारी रहे। सर्वप्रथम समस्त अतिथियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का साल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ समाजिकजनों को संबोधित करते हुए कहा कि संत माता कर्मा देवी सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण की देवी हैं।

परम साध्वी भक्त शिरोमणी मां कर्मा देवी साहू तेली समाज की आराध्य देवी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज से ही प्रेरणा मिलती हैं, समाज की आदर्श जीवन स्थापित करने में मुख्य भूमिका रहती है। समाज हमेशा ही साहस और विश्वास देता हैं। हमारा साहू समाज हमेशा ही सर्वसमाज के लिए अनुकरणीय रहा हैं। आप सभी सामाजिक समरसता बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियॉ को समाज में अच्छा वातावरण मिले इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि समाज में राजनीति न कर समाज के विकास में बढ़ावा देवे। समाज के व्यक्ति का सहज और सरल होकर कार्य करें। समाज के हर व्यक्ति की मदद करें। बच्चों को अच्छे संस्कार दें। उन्होंने युवा वर्ग को अपनी महान हस्तियों के व्यक्तित्व को न भूलने, उनके बताए रास्तों का अनुसरण और सामाजिक समरसता को बरकरार रखे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुनीतराम साहू जिला सलाहकार, मुकेश साहू जिला उपाध्यक्ष, गोपी साहू अध्यक्ष नगर साहू संघ पलारी, वीरेंद्र साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ पलारी, महेन्द्र मोनू साहू, मीडिया प्रभारी केशव साहू, गनपत साहू अध्यक्ष साहू समाज दतान परिक्षेत्र, सीताराम साहू, मनहरण साहू, डॉ रामकुमार साहू, सावित्री साहू, मिथलेश साहू, उमा साहू, खिलेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, दिव्या साहू, जगदीश साहू, अरुण साहू, प्रेमलाल साहू, परमेश्वर साहू, कुंदन साहू, ससहा सरपंच सेवती खसे, हेमंत साहू, सरोज साहू, ताराचंद साहू, प्रीतम साहू, लखनलाल साहू, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### समाज के भटके हुए लोगों को सही दिशा में लाना होगा

महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि अभी वर्तमान स्थिति में समाज के कुछ लोग भटक गए हैं। उनके द्वारा धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्म को अपना लिया गया है। जिसे हमें उन भटके लोगों को सही दिशा दिखा कर वापस अपने धर्म में जोड़ना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारे साहू समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिसे हमें संजोकर रखना है। समाज को समाज ही रहने देना है। समाज मे राजनीति का प्रवेश होना दीमक साबित हो सकता है।

### नारी जाति का सम्मान बढ़ाया

तहसील साहू संघ पलारी के अध्यक्ष रोहित साहू ने भी समाज को संबोधित कर संत माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने, समरसता और भाईचारे का वातावरण बनाकर संगठन व समाज के विकास करने की बात कही। साथ ही उन्होंने भक्त माता कर्मा के जीवनचरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा ने संसार के हर दुःख–सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया।

## श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचीं शकुन डहरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

लवन क्षेत्र के ग्राम पैजनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कांग्रेस के नेत्री शकुंत डहरिया सहित वरिष्ठ कांग्रेसी लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया के चुनाव प्रचार में गांव–गांव पहुंच रहे हैं। इस बीच ग्राम पैजनी में श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमती डहरिया के साथ जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, जनपद सदस्य ललिता यदु, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरदयाल यादव वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश पांडे सहित ग्राम के अनेक लोग उपस्थित थे।

## सिंधी समाज का 'पहले मतदान फिर जलपान' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्रनगर, अमलीडीह, महावीर नगर द्वारा रविवार को एक बैठक की गई। बैठक में समाज के लोगों ने बताया कि पूरा सिंधी समाज 100% मतदान करेगा और लगातार सभी पूज्य पंचायतों में एक अभियान चलाया जा रहा है पहले मतदान फिर जलपान। साथ ही 7 मई को एक पर्व की तरह मनाने जा रहे हैं, सभी जगह बहुत खुशी का वातावरण है। बैठक में मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जिस पार्टी ने राम मंदिर बनाया, धारा 370 हटाई, सीएए कानून लाया, ऐसी पार्टी भाजपा में 100% मतदान करके देश में एक मजबूत सरकार मोदी सरकार लाएं। सिंधी समाज आजादी से जनसंघ से जुड़ा है और आज भी बीजेपी के साथ है। इसी दौरान ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा, जिस प्रकार मुझे आप सब का आशीर्वाद मिला है, आज में वादा करता हूं, एक लाख वोट से ज्यादा रायपुर ग्रामीण में बीजेपी आगे रहेगी। बैठक में विधायक अजय चंद्राकर, मोतीलाल साहू, लीलाधर चंद्राकर, रविंद्र ठाकुर, ललित जैसिंघ, गिरीश लहेजा, कमल विधवानी, सचिन मेघानी, प्रकाश बजाज, अमर गिदवानी, तेजकुमार बजाज एवं अन्य उपस्थित थे।

## शिव सैनिकों ने मनायी रामनवमी ...



**हथबंद।** शिव सैनिकों ने रामनवमी उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें ईश्वर प्रसाद, बलौदाबाजार–भाटापारा जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद विशेष रूप से मौजूद थे।

# जीवन में वैभव प्राप्त करना हो तो मन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम नहरडीह में रेखा बाई शर्मा, राधा देवी शर्मा, ईश्वरी, सविता, हृदयशंकर, मिथिलेश समस्त शर्मा परिवार की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर सोमवार को कथावाचक पं. ओम प्रकाश शर्मा ने गीता प्रवचन, कपिल तर्पण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि, जो ज्ञान हृदय में स्थिर रहे वहीं गीता है। जो अपना धर्म समझ गया वह गीता को समझ गया। मानव का अपना धर्म है।

मानव को अपना धर्म कभी नहीं भूलना चाहिए। भागवत कथा के अंतिम दिन यज्ञ हवन, कपिल तर्पण के साथ ही आम भंडारा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी तरह हवन में भी लोगों ने सहभागिता निभाई। कपिल तर्पण के सतधरा जल से उपस्थित जन समूह को पंडितों ने छिड़काव भी किया। भगवताचार्य ने हवन पूर्णाहुति में पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान को प्रमाण किया। भावविभोर का वह क्षण भी आया जब आचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब भी यहां कोई प्रवचनकर्ता, साधुसंत पहुंचे तो उनका भी वैसा ही स्वागत सम्मान करना जैसा उनका किए हैं। कथा व्यास ने कहा कि, वैभव प्राप्त करना है तो अपने जीवन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा।

- भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हवन–पूजन के बाद भागवत भगवान के भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोग प्रसादी लेने कथा स्थल पहुंचते रहे। भागवत कथा के विशाल आयोजन का ही फल था कि लोग स्वतः भंडारा में अपनी सहभागिता निभा रहे थे। अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया और शाम चार लोगों बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा व्यास ने कहा कि, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने आगे बताया कि, जो व्यक्ति संस्कार युक्त जीवन जीता है, वह जीवन में कभी कष्ट नहीं पा सकता। व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उन्होंने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठना, दैनिक कार्यों से निवृत होकर यज्ञ करना, तर्पण करना, प्रतिदिन गाय को रोटी देने के बाद स्वयं भोजन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर सदैव प्रसन्न रहते हैं। इस भागवत कथा में परीक्षित यजमान ईश्वरी शर्मा सविता शर्मा एवं विजय कुमार साहू सरपंच, पंचराम साहू, कोमल प्रसाद साहू के अलावा ग्राम नहरडीह एवं परसदा सहित आस पास के ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिवासियों, ओबीसी, अजा समेत सामान्य वर्ग का भी हक छीनना चाहती है कांग्रेस

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कहकर कांग्रेस ने यह फिर साफ कर दिया है कि कांग्रेस आदिवासियों ओबीसी और अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के सभी हक छीन लेना चाहती है। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा, संपत्ति का सर्वे कर संपत्ति को बांट देने और फिर राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-टैक्स का राग आलापने के बाद अब सरकारी ठेकों तक में अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर शेयर देने की बात से कांग्रेस का आदिवासी, ओबीसी और अजा विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है। श्री शर्मा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में तुष्टिकरण के तहत किए प्रावधानों से देशवासियों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के घोषणापत्र में लिखी कई आपत्तिजनक बातों में एक और आपत्तिजनक बात सामने आ रही है, उसमें लिखा है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले। श्री शर्मा ने सवाल किया, कांग्रेस यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों (मुस्लिम पढ़ें) को सार्वजनिक कार्य अनुबंध में उचित हिस्सा मिले।

## पेज 9 का शेष

### स्वर्णिम भारत निर्माण...

देश को विकास की राह पर ले जाने वाली कांग्रेस पार्टी ही स्वर्णिम भारत देश का निर्माण कर सकती है। आइये हम सब मिलकर कांग्रेस पार्टी की योजनाओं का लाभ उठाने और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को अपना वोट देकर स्वर्णिम भारत देश का निर्माण करने में अपना योगदान देकर कांग्रेस को विजयी बनाये।


गांव पहुंचने पर चिलचिलाती दोपहरी में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर फुल माला से स्वागत किया। सुशील शर्मा के साथ प्रमुख रूप से ज़ोन अध्यक्ष रवि ध्रुव, सेक्टर अध्यक्ष नीलकंठ ध्रुव, निर्मल मीरी, ब्रिजलाल मीरी, भूनेश्वर शर्मा, गौकरन बंधे, भारत गेंद्रे, संतोष साहू, घनाराम ध्रुव, बलराम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीसरे चरण में 1.39 करोड़ मतदाता लगाएंगे प्रत्याशियों के भाग्य पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 लोकसभा सीटों में मतदान होगा। इन सीटों में 168 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक 38 प्रत्याशी रायपुर और 37 प्रत्याशी बिलासपुर लोकसभा में हैं। तीसरे चरण में 7 मई को कुल 1 करोड़ 39 लाख 1285 मतदाता वोट करेंगे। इनमें 69 लाख 33 हजार 121 पुरुष और 69 लाख 67 हजार 544 महिला मतदाता हैं। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 18-19 आयुवर्ग के 3 लाख 98 हजार 416 मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

रायपुर लोकसभा से 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 33 पुरुष और 5 महिला प्रत्याशी शामिल हैं। बिलासपुर लोकसभा में 37, सरगुजा में 10, रायगढ़ में 13, जांजगीर-चांपा में 18, कोरबा में 27 और दुर्ग लोकसभा में 25 प्रत्याशी मैदान में हैं। तीसरे चरण के



लोकसभा चुनाव में रायपुर से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, कांग्रेस से विकास उपाध्याय, बिलासपुर में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव और भाजपा के तोखन साहू, दुर्ग में भाजपा के विजय बघेल और कांग्रेस के राजेंद्र साहू, सरगुजा में भाजपा के चिंतामणि महराज और कांग्रेस की शशि सिंह, रायगढ़ में कांग्रेस की डॉ. मेनका सिंह और भाजपा के राधेश्याम राठिया, कोरबा सीट पर भाजपा से सरोज पांडेय और कांग्रेस से ज्योत्सना महंत, जांजगीर-चांपा लोकसभा में कांग्रेस के डॉ. शिव डहरिया और भाजपा की कमलेश जांगड़े के बीच मुख्य मुकाबला है।

### 15 हजार 701 केंद्रों में होगा मतदान

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 18-19 आयुवर्ग के 3 लाख 98 हजार 416 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। छत्तीसगढ़ के 15 हजार 701 मतदान केंद्रों में तीसरे चरण का चुनाव होगा। इसमें 114 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म

**महासमुंद।** तुमगांव थाने में रायगढ़ के एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ निवासी आरोपी मिलींद पटेल ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 (2) (एन) के तहत अपराध कायम किया है।

### तेज धूप और बदली से उमस भरी गर्मी



**सरायपाली।** आसमान पर हल्की बदल छाई रही उसके बाद सूर्य देव के दर्शन हुए, जो पूरे दिन तक भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। पूरे दिन मौसम बनते बिगड़ते तेवर से वातावरण में उमस भरी गर्मी हो गई। लोगों का पंखे कूलर के बिना रहना मुश्किल हो गया है। बंगाल की खाड़ी में नमी के प्रवेश करने की वजह से आने वाले दिनों में फिर मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने भी हल्की बारिश और बदली की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छिटे पढ़ने की संभावना व्यक्त की है। इसी के साथ ही यह भी चेतावनी दी है कि एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ व्रजपात होने और अंधड़ चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। इस तरह नमी युक्त हवाओं के चलते फिर से मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है।

### सही ढंग से बाइक चलाने कहा तो चार लोगों ने युवक से की जमकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में बाइक को कट मारकर चलाने से मना करने वाले युवक के साथ कुछ लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट महासमुंद थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी योगेश डहरिया पिता झगरू डहरिया निवासी खट्टी ने बताया कि मैं 28 अप्रैल को हिच्छा जंगल से अपने दोस्त देवानंद पटेल एवं डोमन पटेल के साथ पैदल आ रहा था। इसी दौरान खट्टी की ओर से गांव के घनश्याम मेहर एवं वैद्यनाथ मेहर अपने बाइक से जा रहे थे। वे लोग हमारे बगल से बाइक को कट मारते गए, जिन्हें हम लोगों ने देखकर सही तरीके से गाड़ी चलाओ कहा, तब वे लोग हम लोगों को गालियां देते हुए विवाद करने लगे। कुछ देर बात जब हम लोग गांव आकर प्रेमलाल साहू के किराना दुकान के सामने खड़े थे, तभी आरोपी घनश्याम मेहर और वैद्यनाथ मेहर अपने चचेरे भाई मोतीलाल मेहर एवं विनोद मेहर के साथ लाठी डंडा एवं एक लोहे का राड लेकर आए और चारों ने एक राय होकर गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा एवं एक लोहे के राड से मुझे मारने लगे। इस दौरान भयभीत होकर मेरे दोस्त देवानंद पटेल एवं डोमन पटेल भाग गए।

### 50 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, नव विवाहित को दिलाई शपथ और रंगोली प्रतियोगिता हुई

# रन टू वोट कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता के लिए लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसीवां

मतदाता जनजागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत माता चौक में सुबह 6 बजे से जिला प्रशासन द्वारा रन टू वोट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। यह ओपन दौड़ सारंगढ़ से ग्राम कोतरी तक की गई। भारत माता चौक पर ही पीटीआई द्वारा दौड़ में भाग लेने वालों का रजिस्ट्रेशन कार्य किये।

चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित था। लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी वासु जैन के मार्गदर्शन पर स्वीप दौड़ का श्रीगणेश हुआ।

इस दौड़ में कलेक्टर साहू, नोडल चौहान, एसडीएम जैन एवं डॉ. आर एल सिदार के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ लगाई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू द्वारा स्वीप कार्यक्रम तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाताओं को 7 मई को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इसके तहत दीप प्रज्वलित कर, कैंडल मार्च निकाल, नव विवाहित वधुओं को शपथ, रंगोली प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ सोमवार को स्वीप दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

इसमें प्रथम स्थान पुरुष में मनोज कुमार यादव, द्वितीय स्थान हेमलाल यादव, तृतीय स्थान राहुल खड़िया, वहीं इस दौड़ में महिलाओं ने भी दौड़ लगाया, जिसमें सरोजिनी लकड़ा प्रथम, देवकुमारी उरांव द्वितीय, लता यादव तृतीय स्थान पर रही। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर सारंगढ़ श्री साहू ने क्रमशः 1100, 700 व 500 रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



### धावकों को दिलाई मतदान की शपथ

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान द्वारा सभी धावकों को 7 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने कहा कि – लोकतंत्र का यह पर्व 5 वर्ष में एक बार आता है। इसमें हम सभी को भारत के एक अच्छे नागरिक के रूप में हमें अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्भीक, निष्पक्ष, निडर व निःस्वार्थ भाव से योग्य प्रत्याशी का चयन करते हुए मतदान करना है। वासु जैन ने कहा कि –आपके कंधे पर ही देश का भावी बोझ है। आप शत प्रतिशत मतदान करें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है। इसके माध्यम से वह लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभा सकता है। स्वीप दौड़ के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी का आभार प्रदर्शन करते हुए अपील की कि आप सभी मतदान करें। कार्यक्रम में अब्बास अली, भरत अग्रवाल, समाजसेवी कैजार अली, महेंद्र केजरीवाल के साथ अन्य अधिकारी डॉ. आरबी तिवारी, कौशल ठेठवार, व्यायाम शिक्षक आरती शुक्ला, ममता साहू, पूजा अकेला सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी का सहयोग रहा ।

# मतदान के लिए बांटा जाएगा निमंत्रण कार्ड



**मुड़पार-सरसीवां।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में एआरओ वासु जैन ने सभी बीएलओ को कहा कि मतदाता पर्ची के साथ 7 मई को वोट के लिए निमंत्रण जरूर दें। वे अपने घर परिवार, पलायन किए रिश्तेदार मतदाताओं को बुलाकर, आस पड़ोस सभी सामूहिक रूप से मतदान करें। बैठक में तहसीलदार शनि पैकरा और कोमल साहू उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि आगामी मतदान दिवस 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ धर्मेश कुमार साहू द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। कभी सोशल मीडिया के माध्यम से तो कभी स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम कर युवाओं से अपील की जा रही है, तो कभी नव वधू वोटरों को सम्मानित कर किया जा रहा है।इस विशेष आमंत्रण पत्र को बांटने की जिम्मेदारी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की होगी, जो परिवारों के घर–घर जाएंगे और उनसे 7 मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचने की अपील की जाएगी। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वासु जैन ने बताया, मतदान शुरू होने से पांच दिन पहले यह कार्ड बंटना शुरू होंगे। निमंत्रण कार्ड एक मार्गदर्शिका होगी, जिसमें चुनाव प्रक्रिया और मतदाता से जुड़ी सभी जानकारियां होगी।

### शादी के निमंत्रण पत्र की तरह है यह विशेष कार्ड, बीएलओ करेंगे वितरित

इसी कड़ी में अब जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा शादी के निमंत्रण पत्र की तरह एक विशेष कार्ड तैयार कराया है, जिससे मतदाताओं से वोट डालने का अनुरोध किया जाएगा। निमंत्रण पत्र में सबसे ऊपर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़,लोकसभा चुनाव 2024 निमंत्रण लिखा है। संबोधन करते हुए लिखा गया है कि प्रिय निवासियों, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका एक– एक वोट बहुत कीमती है। हम सभी को साथ आने का निमंत्रण देते हैं। 7 मई को अपने निकटतम मतदान केंद्र में जाकर आपका पसंदीदा उम्मीदवार के लिए अपना कीमती वोट दें।

# स्वीप क्रिकेट मैच में कलेक्टर टीम ने एसपी टीम को हराया



**मुड़पार-सरसीवां।** लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में रविवार शाम 5 बजे कलेक्टर और एसपी टीम के मध्य स्वीप क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने मैच का शुभारंभ किया। कलेक्टर टीम ने 7 ओवर में 77 रन बनाकर मैच जीता। इस दौरान सामूहिक मतदाता की शपथ ली गई। कलेक्टर टीम में एसडीएम वासु जैन, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कोमल साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस टीम के कप्तान एसडीएम वासु जैन थे।

इसी प्रकार एसपी टीम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू कप्तान थे। इस टीम में कृषि अधिकारी कौशल महेश सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कुछ रन बनाकर सभी खिलाड़ी आउट हो गए और एसपी टीम हार गई। मैच का यादगार पल एसपी पुष्कर शर्मा को कैच आउट एसडीएम वासु जैन ने किया और वासु जैन को कैच आउट पुष्कर शर्मा ने किया। इस अवसर पर डीईओ एसएन भगत, एबीईओ मुकेश कुर्रे, विजय महिलाने, बीएमओ डॉ. आर एल सिदार, पशु चिकित्सक आर बी तिवारी, स्वीप नोडल सहायक महावीर चौहान सहित पत्रकारगण उपस्थित थे।

# विधायक ने किया डहरिया का धुआंधार प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी



बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक की अगुवाई में वरिष्ठ नेता शेख अलीमुद्दीन सभापति बलौदाबजार, नलकुमार पटेल, गोपलाल पटेल आदि के साथ वनांचल क्षेत्र बिलारी, कलमीदादार, मानदीप, नगरदा, कुशभाठा, बरपानी, सोनपुर, थारगंव, निठोरा, गनियारी आदि कई गांवों में लोकसभा प्रत्याशी डा. शिव कुमार डहरिया का प्रचार प्रसार कर जीत दिलाने की अपील की। साथ ही साथ डहरिया के पैंपलेट, बैनर, पोस्टर, कांग्रेस की घोषणा पत्र, पांच गारंटी योजना को जन-जन तक पहुंचाया।

प्रचार प्रसार के दौरान विधायक कविता प्राण लहरे, शेख अलीमुद्दीन, नल कुमार पटेल, गोप लाल पटेल, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान ने जन समूह को संबोधित किया है। इस प्रचार प्रसार के दौरान मलिक राम मिश्रा, जान मोहम्मद खान, हेमलाल पटेल, डीगेश यादव, जब्बार खान, जिबर्धन पटेल, धनीराम नाग, टुपेस्वर पटेल, उत्तर कुमार, लोकनाथ पटेल, लोकेंद साहू, मुरलीधर मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, सुकलाल केवट, परमानन्द नायक, बलवान ठाकुर, बाबूलाल नायक, जगदीश ठाकुर, डॉ. उसात राम नायक, जितेन्द पटेल, जीवन पटेल, सुभाष नायक, कोमलसाय नायक, सालिक पटेल, निराकार पटेल, पवन बरीहा, पुनीत पटेल, गोकुल बर्मन, गोपाल नन्दे आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लाफिनखुर्द में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर कल से

महासमुंद। शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में कक्षा नवमीं से कॉलेज तक के बच्चों के लिए निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन 1 मई से 3 मई तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ 1 मई को प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षक के रूप में युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही वरिष्ठजन भी उपस्थित रहेंगे। शिविर प्रात 8 बजे से 11 बजे तक संचालित होगा। जिसमें बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार व मार्गदर्शन देने, उन्हें चरित्रवान बनाने, उनके समस्याओं का समाधान करने के लिए कॅरियर निर्माण, स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं? नारी जागरण, व्यक्तित्व निर्माण, स्वस्थ जीवन के सूत्र, सफल जीवन के सूत्र तथा नशा मुक्ति अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन किया जाएगा। शिविर पूर्णता निःशुल्क है।

# कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का निःशुल्क प्रशिक्षण 2 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसीवां

रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35–35 सीट निर्धारित हैं।

### कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्रों को भी सम्मानित किया गया

# कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन में 11 युगलों का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल



छत्तीसगढ़ के प्रकृति की गोद में बसा, प्राचीन, पौराणिक एवं पर्यटन स्थल महानदी के पावन तट पर स्थित ग्राम नारायणपुर(कसडोल) में आदिवासी कंवर पैकरा समाज लवनराज का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 11 जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों, पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। वहीं समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सुवां नृत्य तथा कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से समां बांध कर समाज को मंत्र मुग्ध किया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में अन्य जिले महासमुंद खल्लारी राज, धमतरी मधुबन धाम, कोरबा पांचगढ़ राज, गरियाबंद राजिम राज के सामाजिक अतिथियों का करमा नृत्य के साथ भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात सामाजिक अतिथियों ने मंच से समाज को संबोधित करते हुए संवैधानिक अधिकार, सामाजिक नियमावली, शिक्षा, व्यवसाय, रीति-नीति, सामाजिक एकता, परंपरा एवं संस्कृति पर जोर दिया। समाज के युवक युवतियों ने अपना अपना परिचय देकर समाज को शिक्षा रोजगार एवं संस्कृति के क्षेत्र में संबोधित किया। अतिथियों के कर कमलों से समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। समाज प्रमुख, समाज सेवक, थानसिंह पैकरा एवं सावन बाई पैकरा ग्राम चिचपोल को भोजनालय का भोजन एवं प्रसाद का पूरा खर्चा देने पर समाज द्वारा श्रीफल, साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। तृतीय दिवस के कार्यक्रम में चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर में पूजा पाठ कर ध्वजारोहण कर प्रसाद वितरण किया गया । समाज द्वारा आर्थिक उन्नति के क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाते हुए समाज को खर्चीली शादी, आडंबर से बचाने के लिए जरूरतमंद 11 जोड़ी का आदर्श विवाह संपन्न कराया । समाज द्वारा नवयुगल जोड़ी को सामाजिक आदर्श विवाह का प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि से सम्मानित कर वर वधु को सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देकर एक-एक पौधा भेंट किया।

### ये हुए शामिल

सामाजिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में लगभग 10 हजार की जनसंख्या में समाज शामिल हुए। इस अवसर पर बृजराम पैकरा अध्यक्ष, शिवकुमार कंवर महासचिव, कुंवर सिंह पैकरा संरक्षक, हुकुम सिंह पैकरा सचिव, सुरेश कुमार पैकरा कोषाध्यक्ष, थानसिंह पैकरा न्याय प्रमुख, केजूराम पैकरा न्याय प्रमुख, बोधिराम कंवर न्याय प्रमुख, मोहित राम कुरुवंशी समाज प्रमुख, मनमोहन पैकरा उपाध्यक्ष, मोतीलाल पैकरा कार्यकारिणी, हीरालाल पैकरा सलाहकार, लक्ष्मण पैकरा ऑडिटर, लहर पैकरा विधिक सलाहकार, सुदामा प्रसाद श्रेय अध्यक्ष पुटपूरा, उमेंदसिंह पैकरा अध्यक्ष खरहा, वासुदेव पैकरा अध्यक्ष महाराजी, सुखराम पैकरा अध्यक्ष साबर, निर्मल सिंह पैकरा अध्यक्ष खैरा, शिवकुमार पैकरा अध्यक्ष बड़े भरसेला, रामसिंह पैकरा अध्यक्ष डमरू, चितरंजन सिंह पैकरा अध्यक्ष चिस्दा, सुमन सिंह पैकरा अध्यक्ष तनौद, रुखमणी बाई पैकरा महिला अध्यक्ष, अमरबाई पैकरा महिला उपाध्यक्ष, उत्तरा पैकरा महिला सचिव, जल बाई पैकरा शिक्षिका, नंदकुमार पैकरा कर्मचारी अध्यक्ष, नंदकुमार पैकरा कर्मचारी उपाध्यक्ष, राजू पैकरा युवा अध्यक्ष, छतराम पैकरा युवा उपाध्यक्ष, सुनील कुमार पैकरा, कंवर यूथ संगठन से राजेंद्र, दुलार सिंह, यशवंत, ऐश्वर्या, शकुंतला, दुर्गा एवं साथी के साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुष नन्हे मुन्ने बच्चे एवं सगा समाज उपस्थित रहे।

